# नाम तुम्हारा तारनहारा | By Sanjeev Sharma

नाम तुम्हारा तारनहारा कब तेरा दर्शन होगा
तेरी प्रतिमा इतनी सुन्दर तू कितना सुन्दर होगा

सुर नर मुनि जन तुम चरणों में
निशदिन शीश नवाते हैं
जो गाते हैं तेरी महिमा
मन वांछित फल पाते हैं
मन वांछित फल पाते हैं
धन्य घडी समझूंगा उस दिन
जब तेरा दर्शन होगा

दीन दयाला करुणा सागर
जग में नाम तुम्हारा है
भटके हुए हम भक्तों का प्रभु
तू ही एक सहारा है
तू ही एक सहारा है
भव से पार उतरने को तेरे
गीतों का सरगम होगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%81%e0%a4%ae%e0%a5%8d%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a4%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%a8%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-sanjeev-sharma/